## प्रश्नकोश

1. **खजुराहो मंदिर स्थापत्य के निर्माण में सहयोगी थे–**
(a) चंदेल (b) गुर्जर-प्रतिहार
(c) चाहमान (d) परमार

**43rd B.P.S.C. (Pre) 1999**
**M.P.P.S.C. (Pre) 1993**

**उत्तर–(a)**

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित खजुराहो में चंदेल राजाओं द्वारा निर्मित मंदिर आज भी चंदेल स्थापत्य की उत्कृष्टता का बखान कर रहे हैं। इन मंदिरों का निर्माण मुख्यतः 10वीं-12वीं शताब्दी के मध्य; 950-1050 ई. चंदेलों का मुख्य काल लेकिन पूर्ववर्ती एवं परवर्ती काल में भी निर्माण हुए। यहां के मंदिरों में कंदरिया महादेव मंदिर सर्वोत्तम है।

2. **खजुराहो का कंदरिया महादेव मंदिर किसने बनवाया?**
(a) परमार (b) चेदि
(c) राष्ट्रकूट (d) चंदेल

**U.P.P.C.S. (Pre) 1991**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

3. **किस राजवंश ने भारत को प्रसिद्ध खजुराहो के मंदिर दिए?**
(a) परमार (b) मौर्य
(c) चंदेल (d) होल्कर

**M.P.P.C.S. (Pre) 2010**
**M.P.P.C.S. (Pre) 2005**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

4. **चंदेल राजाओं ने निर्माण किया–**
(a) सांची (b) उज्जैन
(c) ग्वालियर (d) खजुराहो

**M.P.P.C.S. (Pre) 1999**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

5. **खजुराहो के मंदिर संबंधित हैं–**
(a) बौद्ध धर्म (b) हिंदू धर्म
(c) हिंदू धर्म और जैन धर्म (d) जैन धर्म

**U.P.P.C.S. (Pre) 1993**

**उत्तर–(c)**

खजुराहो में लगभग 85 मंदिरों के निर्माण का उल्लेख मिलता है। मंदिर चंदेल शासकों द्वारा बनवाए गए। ये मंदिर वैष्णव, शैव, शा[illegible] एवं जैन धर्म से संबंधित हैं।

6. **किस वंश के राजाओं ने खजुराहो स्थित मंदिरों का नि[illegible] करवाया था?**
(a) बघेल (b) परमार
(c) चंदेल (d) बुंदेला

**M.P.P.C.S. (Mains) 20[illegible]**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

7. **खजुराहो का मातंगेश्वर मंदिर समर्पित है–**
(a) विष्णु को (b) शिव को
(c) सूर्य को (d) पार्वती को

**U.P.P.S.C. (GIC) 20[illegible]**

**उत्तर–(b)**

खजुराहो का मातंगेश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदि[illegible] संभवतः राजा धंग के काल में निर्मित हुआ। इन मंदिरों की निर्मा[illegible] शैली नागर है।

8. **निम्न में से कौन-सा मंदिर खजुराहो में नहीं है?**
(a) कंदरिया महादेव (b) चौसठ योगिनी
(c) दशावतार (d) चित्रगुप्त

**M.P.P.C.S. (Pre) 201[illegible]**

**उत्तर–(c)**

दशावतार मंदिर देवगढ़ (ललितपुर) में स्थित है तथा यह मंदिर गुप्तकालीन है। शेष सभी मंदिर खजुराहो में स्थित हैं और चंदेल राजाओं के द्वारा बनवाए गए हैं।

9. **मुरैना के समीप स्थित चौसठ योगिनी मंदिर के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
   1. **यह कच्छपघात राजवंश के शासनकाल में निर्मित एक वृत्ताकार मंदिर है।**
   2. **यह भारत में निर्मित एकमात्र वृत्ताकार मंदिर है।**
   3. **इसका उद्देश्य इस क्षेत्र में वैष्णव पूजा-पद्धति को प्रोत्साहन देना था।**
   4. **इसके डिजाइन से यह लोकप्रिय धारणा बनी कि यह भारतीय संसद भवन के लिए प्रेरणा-स्रोत रहा था।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**
(a) 1 और 2 (b) केवल 2 और 3



Scanned with OKEN Scanner

(c) 1 और 4　　　　(d) 2, 3 और 4

I.A.S. (Pre) 2021

उत्तर—(c)

चौसठ योगिनी मंदिर मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के पडावली के पास मितावली गांव में स्थित है। इस मंदिर का निर्माण कच्छपघात राजवंश के शासक देवपाल द्वारा किया गया था। अतः कथन 1 सत्य है। यह एक वृत्ताकार मंदिर है। ध्यातव्य है कि भारत में वृत्ताकार मंदिरों की संख्या बहुत ही कम है। यह भारत के वृत्ताकार मंदिरों में से एक है। इस प्रकार कथन 2 असत्य है। यह वृत्ताकार मंदिर लगभग 100 फीट ऊंची एक पहाड़ी पर निर्मित है। इस मंदिर को 'एकत्तरसो महादेव मंदिर' भी कहा जाता है, जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में शैव-पूजा पद्धति को प्रोत्साहन देना था। अतः कथन 3 असत्य है। यह मंदिर 64 योगिनियों को समर्पित है। इस मंदिर के आंतरिक भाग में 64 छोटे कक्ष बने हैं। इस मंदिर का निर्माण इसके प्रत्येक कक्षा में शिवलिंग की उपस्थिति के कारण किया गया है। कुछ विद्वानों का निष्कर्ष है कि इस मंदिर के डिजाइन से यह लोकप्रिय धारणा बनी कि यह भारतीय संसद भवन के लिए एक प्रेरणा-स्रोत रहा था। अतः कथन 4 सत्य है।

**10. सूची-I एवं सूची-II का मिलान कीजिए तथा दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए -**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. स्तूप | 1. बाघ |
| B. चित्रकारी | 2. सांची |
| C. कनिष्क की सिरविहीन मूर्ति | 3. देवगढ़ |
| D. दशावतार मंदिर | 4. मथुरा |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

U.P. R.O/A.R.O. (Mains) 2017

उत्तर—(b)

सूची-I का सूची-II से सही सुमेलन है-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| स्तूप | सांची |
| चित्रकारी | बाघ |
| कनिष्क की सिरविहीन मूर्ति | मथुरा |
| दशावतार मंदिर | देवगढ़ |

**11. निम्नलिखित में से कौन-सा विश्व धरोहर स्थल (वर्ल्ड हेरिटेज साइट) नहीं है?**

(a) खजुराहो के मंदिर　　(b) भीमबेटका की गुफाएं
(c) सांची के स्तूप　　(d) मांडू का महल

M.P.P.C.S. (Pre) 2008

उत्तर—(d)

यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल सूची में शामिल म. प्र. के ऐतिहासिक स्थलों में खजुराहो के मंदिर, भीमबेटका की गुफाएं एवं सांची के स्तूप शामिल हैं। मांडू का महल इस सूची में सम्मिलित नहीं किया गया है।

**12. मंदिर स्थापत्य के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?**

**(i) स्वतंत्र आधार (चूना-पत्थर) के मंदिरों का उद्भव गुप्तकाल में माना जाता है।**
**(ii) लाड़खां, जो कि एक प्रारंभिक मंदिर है, बादामी के चालुक्यों से संबद्ध है।**
**(iii) खजुराहो के मंदिरों में, मंदिर के समस्त खंड आंतरिक और बाह्य रूप से जुड़े हुए हैं।**
**(iv) कांची का कैलाशनाथ मंदिर द्रविड़ शैली का सबसे प्रारंभिक स्वतंत्र आधार का मंदिर है।**

**सही उत्तर चुनिए-**

(a) (i), (iii) एवं (iv)　　(b) (i) एवं (ii)
(c) (i), (ii) एवं (iv)　　(d) (i), (ii) एवं (iii)

R.A.S./R.T.S. (Pre) 2018

उत्तर—(d)

स्वतंत्र आधार के मंदिरों का उद्भव गुप्तकाल में माना जाता है। लाड़खां, जो कि एक प्रारंभिक मंदिर है, बादामी के चालुक्यों से संबंधित है। खजुराहो के मंदिरों में समस्त खंड आंतरिक व बाह्य रूप से जुड़े हैं। कांची का कैलाशनाथ मंदिर पल्लवकालीन स्थापत्य है। यह मंदिर राजसिंह शैली के चरमोत्कर्ष को व्यक्त करता है। इसमें द्रविड़ शैली के समस्त लक्षण विद्यमान हैं, परंतु यह द्रविड़ शैली का सबसे प्रारंभिक स्वतंत्र आधार का मंदिर नहीं है। इसका निर्माण नरसिंहवर्मन-II (राजसिंह) के समय प्रारंभ हुआ तथा इसके उत्तराधिकारी महेंद्रवर्मन-II के समय रचना पूर्ण हुई।

**13. निम्नलिखित में से किसका शिखर द्रविड़ शैली में बना हुआ है?**

(a) भीतरगांव मंदिर　　(b) ग्वालियर का तेली मंदिर
(c) कंदरिया महादेव मंदिर　　(d) ओसिया मंदिर

U.P.R.O/A.R.O. (Pre) 2016

उत्तर—(b)



Scanned with OKEN Scanner

ग्वालियर के तेली मंदिर का शिखर द्रविड़ शैली में बना है, जबकि नक्काशियां एवं मूर्तियां नागर शैली में बनी हैं। इसकी वास्तु शैली में हिंदू और बौद्ध वास्तुकला का मिश्रण है।

**14. निम्नलिखित में से किस केंद्र में एक सौ से अधिक बौद्ध गुफाएं हैं?**

(a) अजंता (b) कार्ले

(c) कन्हेरी (d) राजगृह

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2002**

**उत्तर—(c)**

महाराष्ट्र में मुंबई शहर के पश्चिमी क्षेत्र में बसे बोरीवली के उत्तर में (संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के जंगलों के भीतर) कन्हेरी की गुफाएं स्थित हैं। यहां कुल 109 गुफाएं उपलब्ध हैं, जिनका निर्माण पहली शताब्दी ई.पू. में किया गया था। इन गुफाओं में अधिकांशतः बौद्ध मठ हैं, जो बौद्ध भिक्षुओं के निवास, अध्ययन और ध्यान के लिए बने हैं।

**15. आबू का जैन मंदिर किससे बना है?**

(a) बलुआ पत्थर से (b) चूना पत्थर से

(c) ग्रेनाइट से (d) संगमरमर से

**U.P.P.C.S. (Pre) 2010**

**उत्तर—(d)**

आबू के दिलवाड़ा जैन मंदिर संगमरमर के बने हैं, जिनमें से विमलवासाही मंदिर का निर्माण विमलशाह ने करवाया था।

**16. निम्नलिखित नगरों में से किस एक के निकट पालिताणा मंदिर अवस्थित है?**

(a) भावनगर (b) माउंट आबू

(c) नासिक (d) उज्जैन

**I.A.S. (Pre) 2008**

**उत्तर—(a)**

पालिताणा का पवित्र जैन मंदिर गुजरात के भावनगर जिले की शत्रुंजय पहाड़ियों पर अवस्थित है। यह मंदिर जैन तीर्थंकर आदिनाथ को सर्मपित है।

**17. एलीफेंटा की गुफाएं मुख्यतः निम्न धर्म के मतावलंबियों के उपयोग के लिए काटकर बनाई गई थीं—**

(a) बौद्ध धर्म (b) जैन धर्म

(c) शैव धर्म (d) वैष्णव धर्म

**U.P. Lower Sub. (Spl.) (Pre) 2002**

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2003**

**उत्तर—(c)**

एलीफेंटा के प्रसिद्ध गुफा मंदिरों का निर्माण राष्ट्रकूट शासकों द्वारा कराया गया था। यहां से सात गुफा मंदिर प्राप्त हुए हैं, जिनमें हिंदू धर्म (मुख्यतः शिव) से संबंधित मूर्तियां हैं। साथ ही यहां दो बौद्ध गुफाएं भी हैं। इन गुफाओं का निर्माण काल 5वीं से 6वीं शती ई. माना जाता है। यहां से प्रसिद्ध त्रिमूर्ति शिव की प्रतिमा प्राप्त हुई है।

**18. एलीफेंटा के प्राचीन स्मारक हैं—**

**1. बौद्ध** **2. जैन**

**3. शैव** **4. वैष्णव**

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए -**

**कूट :**

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 1 एवं 3

**U.P.P.C.S. (Mains) 2007**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**19. एलीफेंटा के प्रसिद्ध शैल को काटकर बनाए गए मंदिरों का श्रेय दिया जाता है—**

(a) चालुक्यों को (b) चोलों को

(c) पल्लवों को (d) राष्ट्रकूटों को

**U.P.P.C.S. (Mains) 2009**

**Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2010**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**20. एलोरा एवं एलीफेंटा के स्थल किस काल से संबंधित हैं?**

(a) प्रतिहार (b) चालुक्य

(c) राष्ट्रकूट (d) होयसल

**M.P.P.C.S. (Pre) 2021**

**उत्तर—(c)**

एलोरा एवं एलीफेंटा के स्थल राष्ट्रकूट काल से संबंधित हैं। एलोरा में कुल 34 शैलकृत गुफाएं हैं। ये हिंदू, जैन एवं बौद्ध तीनों धर्मों से संबंधित हैं। एलीफेंटा के प्रसिद्ध गुफा मंदिरों का निर्माण राष्ट्रकूट शासकों द्वारा कराया गया था। यहां से प्रसिद्ध त्रिमूर्ति शिव की प्रतिमा प्राप्त हुई है।

**21. निम्नलिखित में से कौन-सी गुफा 'त्रिमूर्ति' के लिए विख्यात है?**

(a) अजंता (b) भाजा

(c) एलीफेंटा (d) एलोरा

**U.P.P.C.S. (Mains) 2011**

**उत्तर—(c)**



Scanned with OKEN Scanner

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**22. प्राचीन भारत में गुप्तकाल से संबंधित गुफा चित्रांकन के केवल दो उदाहरण उपलब्ध हैं। इनमें से एक अजंता की गुफाओं में किया गया चित्रांकन है। गुप्त काल के चित्रांकन का दूसरा अवशिष्ट किस स्थान पर उपलब्ध है?**

(a) बाघ गुफाएं (b) एलोरा गुफाएं

(c) लोमस ऋषि गुफा (d) नासिक गुफाएं

**I.A.S. (Pre) 2010**

**उत्तर–(a)**

गुप्तकाल मे गुफा चित्रांकन का दूसरा उदाहरण बाघ की गुफाएं हैं, जिनकी तिथि गुप्तकालीन है। इन गुफाओं के चित्र लोक जीवन से संबंधित हैं तथा अजंता गुफाओं के चित्र बौद्ध धर्म से संबंधित हैं। जबकि लोमस ऋषि गुफा मौर्यकालीन है, जो कि बराबर की पहाड़ियों में स्थित है, जो बिहार के जहानाबाद जिले में है। नासिक गुफाएं सातवाहन काल की हैं।

**23. पश्चिमी भारत में प्राचीनतम शैलकृत गुफाएं कहां हैं?**

(a) नासिक, एलोरा और अजंता

(b) जुनार, कल्याण और पीतलखोरा

(c) अजंता, भाजा और कोंडने

(d) भाजा, पीतलखोरा और कोंडने

**I.A.S. (Pre) 1993**

**उत्तर–(a)**

पश्चिमी भारत में प्राचीनतम शैलकृत गुफाएं नासिक, एलोरा एवं अजंता में हैं। ये तीनों स्थल महाराष्ट्र में स्थित हैं। एलोरा में कुल 34 शैलकृत गुफाएं हैं। ये हिंदू, जैन एवं बौद्ध तीनों धर्मों से संबंधित हैं। नासिक की बौद्ध गुफाएं सुविख्यात हैं, उन्हें 'पाण्डव लेनी' कहा जाता है। अजंता गुफाओं का प्राकृतिक दृश्य बहुत ही शांत एवं मनोहारी है।

**24. निम्न स्थानों में से बौद्ध गुफा मंदिरों के लिए कौन-सा प्रसिद्ध है?**

(a) एलीफेंटा (b) नालंदा

(c) अजंता (d) खजुराहो

**Uttarkhand P.C.S.(Mains) 2006**

**उत्तर–(c)**

बौद्ध गुफा मंदिरों के लिए अजंता प्रसिद्ध है, जबकि एलीफेंटा अपने शैव मंदिरों के लिए; खजुराहो शैव, वैष्णव तथा जैन मंदिरों के लिए और नालंदा बौद्ध शिक्षा केंद्र के लिए प्रसिद्ध है।

**25. एलोरा गुफाओं का निर्माण कराया था–**

(a) पल्लवों ने (b) चोलों ने

(c) राष्ट्रकूटों ने (d) पालों ने

**U.P. P.C.S. (Pre) 1999**

**U.P. P.S.C. (GIC) 2010**

**उत्तर–(c)**

राष्ट्रकूट शासक उत्साही निर्माता थे। उन्होंने महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित एलोरा गुफाओं का निर्माण करवाया। ये गुफाएं अपने शैलकृत स्थापत्य के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं। वर्ष 1983 में यूनेस्को द्वारा इसे विश्व धरोहर स्मारक घोषित किया गया है।

**26. भारतीय शिलावास्तु के इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. बादामी की गुफाएं भारत की प्राचीनतम अवशिष्ट शैलकृत गुफाएं हैं।**

**2. बराबर की शैलकृत गुफाएं सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य द्वारा मूलतः आजीविकों के लिए बनवाई गई थीं।**

**3. एलोरा में, गुफाएं विभिन्न धर्मों के लिए बनाई गई थीं।**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

**I.A.S. (Pre) 2013**

**उत्तर–(c)**

बराबर की शैलकृत गुफाएं सम्राट अशोक ने अपने राज्याभिषेक के 12वें वर्ष आजीविकों को प्रदान की थीं। इन गुफाओं में 'कर्ण चौपण', 'विश्वझोपड़ी' और 'सुदामा गुफा' प्रमुख हैं। एलोरा की गुफाएं महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित हैं। इन गुफाओं में गुफा सं. 1 से 12 तक बौद्धों, 13 से 29 हिंदुओं तथा 30 से 34 जैनों से संबंधित हैं। इस प्रकार ये गुफाएं विभिन्न धर्मों से संबंधित हैं। बादामी की शैलकृत गुफाएं भारत की प्राचीनतम (Oldest) गुफाएं नहीं हैं। भारत की प्राचीनतम गुफाएं भीमबेटका की मानी जाती हैं। इस प्रकार कथन 1 तथा 2 गलत हैं, जबकि कथन 3 सही है।

**27. एलोरा के गुहा मंदिर संबंधित हैं–**

**1. हिंदू धर्म से** **2. बौद्ध धर्म से**

**3. जैन धर्म से**

**नीचे के कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

**कूट :**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 एवं 2 (d) 1, 2 एवं 3

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2002**

**उत्तर–(d)**



Scanned with OKEN Scanner

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

28. एलोरा में गुफाएं और शैलकृत मंदिर हैं–
(a) बौद्धों के
(b) बौद्धों और जैनों के
(c) हिंदुओं और जैनों के
(d) हिंदुओं, बौद्धों और जैनों के

I.A.S. (Pre) 1994
U.P.P.C.S. (Pre) 1998

उत्तर–(d)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

29. बौद्ध, हिंदू एवं जैन शैलकृत गुहाएं एक साथ विद्यमान हैं–
(a) अजंता में
(b) एलीफेंटा में
(c) एलोरा में
(d) कार्ले में

U.P.P.C.S. (Mains) 2002
U.P.P.C.S. (Mains) 2006

उत्तर–(c)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

30. निम्नलिखित में से कौन एक शैलकृत स्थापत्य का उदाहरण है?
(a) तटीय मंदिर, मामल्लपुरम
(b) राजराजेश्वर मंदिर, तंजावुर
(c) कैलाश मंदिर, एलोरा
(d) जगन्नाथ मंदिर, पुरी

U.P. P.C.S. (Mains) 2012

उत्तर–(c)

एलोरा का कैलाश मंदिर शैलकृत स्थापत्य का आश्चर्य माना जाता है। द्रविड़ शैली के इस विश्व प्रसिद्ध मंदिर का निर्माण राष्ट्रकूट शासक कृष्ण प्रथम ने करवाया था।

31. निम्नलिखित मंदिरों में से किसे शैलकृत स्थापत्य का आश्चर्य माना जाता है?
(a) बृहदीश्वर मंदिर, तंजावुर
(b) लिंगराज मंदिर, भुवनेश्वर
(c) कैलाश मंदिर, एलोरा
(d) कंदरिया महादेव मंदिर, खजुराहो

U.P.P.C.S. (Mains) 2007

उत्तर–(c)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

32. किस वंश ने एलोरा के कैलाश मंदिर का निर्माण किया था?
(a) राष्ट्रकूट
(b) सातवाहन
(c) मौर्य
(d) पल्लव

U.P.P.C.S. (Mains) 2005
M.P.P.C.S. (Pre) 1996
U.P. P.C.S. (Pre) 2001

उत्तर–(a)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

33. एलोरा के कैलाश मंदिर का निर्माण कराया था–
(a) राष्ट्रकूटों ने
(b) वातापी के चालुक्यों ने
(c) गंग शासकों ने
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

U.P. U.D.A./L.D.A. (Spl.) (Mains) 2010
U.P. U.D.A./L.D.A. (Spl.) (Pre) 2010

उत्तर–(a)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

34. निम्नलिखित में से किस राष्ट्रकूट शासक ने एलोरा के कैलाश मंदिर का निर्माण कराया था?
(a) गोविंद द्वितीय
(b) अमोघवर्ष
(c) इंद्र तृतीय
(d) कृष्ण प्रथम

Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2021

उत्तर–(d)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

35. एलोरा के प्रसिद्ध कैलाश मंदिर के निर्माण से कौन-सा शासक वंश संबद्ध रहा है?
(a) चालुक्य
(b) चोल
(c) पल्लव
(d) राष्ट्रकूट

U.P. Lower Sub. (Spl.) (Pre) 2008
U.P. Lower Sub. (Pre) 2004

उत्तर–(d)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

36. एलोरा के प्रसिद्ध शिव मंदिर का निर्माता राष्ट्रकूट नरेश था–
(a) दंति दुर्ग
(b) कृष्ण प्रथम
(c) कृष्ण द्वितीय
(d) गोविंद तृतीय

R.A.S./R.T.S. (Pre) 1999

उत्तर–(b)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।



Scanned with OKEN Scanner

37. एलोरा के कैलाश मंदिर का निर्माण किसने करवाया था?
(a) गोविंद III (b) कृष्ण I
(c) कृष्ण II (d) कृष्ण III
(e) इनमें से कोई नहीं

Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2015

उत्तर—(b)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

38. किस धर्म को राष्ट्रकूटों का संरक्षण प्राप्त था?
(a) बौद्ध धर्म (b) जैन धर्म
(c) शैव धर्म (d) शाक्त धर्म

U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2010

उत्तर—(b)

राष्ट्रकूट शासकों के समय वैसे तो ब्राह्मण धर्म का महत्व था, किंतु ब्राह्मण धर्म की तुलना में जैन धर्म का अधिक प्रचार-प्रसार था तथा इसे राजकीय संरक्षण भी प्राप्त था। राष्ट्रकूट शासक अमोघवर्ष के गुरु जैनाचार्य जिनसेन थे, जिसने आदिपुराण की रचना की। उस समय शासकों तथा सामंतों के साथ-साथ सेनापति पदों पर भी अनेक जैन धर्मानुयायियों की नियुक्ति की जाती थी।

39. अजंता एवं एलोरा की गुफाएं किस नगर में स्थित हैं?
(a) नासिक (b) मुंबई
(c) औरंगाबाद (d) पुणे

M.P. P.C.S. (Pre) 1990

उत्तर—(c)

अजंता एवं एलोरा की गुफाएं महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित हैं। पर्वत शिलाओं को खोदकर भवन-निर्माण के विकास की चरमावस्था एलोरा का कैलाश मंदिर है, जिसका निर्माण राष्ट्रकूट नरेश कृष्ण प्रथम ने करवाया था।

40. अजंता और एलोरा गुफाएं हैं—
(a) आंध्र प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) महाराष्ट्र (d) राजस्थान

U.P.P.C.S. (Pre) 1993

उत्तर—(c)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

41. निम्नलिखित स्थानों में से किस एक में राष्ट्रकूटों द्वारा एलोरा पहाड़ियों में निर्मित गुफा मंदिर स्थित हैं?
(a) औरंगाबाद (महाराष्ट्र)
(b) नासिक (महाराष्ट्र)
(c) ग्वालियर (मध्य प्रदेश)
(d) गोलकुंडा (आंध्र प्रदेश)

U.P.P.C.S. (Pre) 2009

उत्तर—(a)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

42. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए -

| सूची-I (गुप्त मंदिर) | सूची-II (स्थान) |
|---|---|
| A. ईंट निर्मित मंदिर | 1. एरण |
| B. दशावतार मंदिर | 2. देवगढ़ |
| C. शिव मंदिर | 3. भीतरगांव |
| D. विष्णु मंदिर | 4. भूमरा |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

U.P.P.C.S. (Mains) 2013

उत्तर—(b)

सही सुमेलन इस प्रकार है-

| सूची-I (गुप्त मंदिर) | | सूची-II (स्थान) |
|---|---|---|
| ईंट निर्मित मंदिर | – | भीतरगांव |
| दशावतार मंदिर | – | देवगढ़ |
| शिव मंदिर | – | भूमरा |
| विष्णु मंदिर | – | एरण |

43. कानपुर, उत्तर प्रदेश स्थित भीतरगांव मंदिर के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
1. इस मंदिर का निर्माण 5वीं सदी ई. से 6वीं सदी ई. के मध्य हुआ।
2. ईंटों से निर्मित यह भारत के प्राचीनतम मंदिरों में से एक है।
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए-
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

U.P.R.O./A.R.O. (Pre) 2021

उत्तर—(c)



Scanned with OKEN Scanner

उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर जिले में स्थित भीतरगांव मंदिर का निर्माण 5वीं सदी ई. से 6वीं सदी ई. के मध्य हुआ था। इस मंदिर का निर्माण गुप्त काल में हुआ था। इस मंदिर का निर्माण ईंटों से वर्गाकार चबूतरे पर किया गया है, जिसका मुख पूर्व की तरफ है। मंदिर के भीतर स्थित गर्भगृह के ऊपर एक लंबा पिरामिडनुमा शिखर है। इस मंदिर का निर्माण 'नागर शैली' में किया गया है।

**44. अजंता की कला को इनमें से किसने प्रश्रय (सहायता) दिया?**

(a) चालुक्य (b) पल्लव

(c) वाकाटक (d) गंग

**Jharkhand P.C.S. (Pre) 2013**

**उत्तर–(c)**

अजंता की गुफाएं औरंगाबाद (महाराष्ट्र) जिले में स्थित हैं। ये गुफाएं वाकाटकों के अधीन राजसी संरक्षण और जागीरदारों द्वारा निर्मित करवाई गई थीं। इन गुफाओं को गुप्त शासकों का भी संरक्षण प्राप्त था। ये गुफाएं अपने भित्तिचित्रों तथा मूर्तिकारी के लिए बेजोड़ समझी जाती हैं। अजंता में मुख्यत: बौद्ध धर्म की महायान शाखा से संबंधित चित्र हैं।

**45. अजंता की गुफाएं निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?**

(a) रामायण (b) महाभारत

(c) जातक कथाएं (d) पंचतंत्र कहानियां

**M.P. P.C.S. (Pre) 2012**

**उत्तर–(c)**

अजंता के चित्र तकनीकी दृष्टि से विश्व में प्रथम स्थान रखते हैं। इन गुफाओं में अनेक प्रकार के फूल-पत्तियों, वृक्षों तथा पशु आकृतियों की सजावट तथा बुद्ध एवं बोधिसत्वों की प्रतिमाओं के चित्रण में जातक ग्रंथों से ली गई कहानियों का वर्णनात्मक दृश्य के रूप में प्रयोग हुआ है। ये चित्र अधिकतर जातक कथाओं को दर्शाते हैं।

**46. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?**

(a) अजंता गुफाएं, वाघोरा नदी की घाटी में स्थित हैं।

(b) सांची स्तूप, चंबल नदी की घाटी में स्थित है।

(c) पांडू-लेणा गुफा देव मंदिर, नर्मदा नदी की घाटी में स्थित हैं।

(d) अमरावती स्तूप, गोदावरी नदी की घाटी में स्थित है।

**I.A.S. (Pre) 2021**

**उत्तर–(a)**

अजंता गुफाएं महाराष्ट्र प्रांत के औरंगाबाद जनपद में स्थित हैं। ये गुफाएं वाघोरा नदी की घाटी में अवस्थित हैं। इनका समय ईसा-पूर्व दूसरी शताब्दी से लेकर सातवीं शताब्दी तक है। इस प्रकार विकल्प (a) सत्य है, जबकि अन्य विकल्प असत्य हैं। सांची स्तूप, बेतवा नदी के पश्चिम में मध्य प्रदेश के रायसेन जिला में अवस्थित है। इस स्तूप का निर्माण मौर्य सम्राट अशोक के द्वारा किया गया था। पांडू-लेणा गुफा देव मंदिर, गोदावरी नदी की घाटी में स्थित है। यहां पर 24 गुफाओं की एक शृंखला का निर्माण चट्टानों को काटकर किया गया है। आंध्र प्रदेश के गुंटूर जनपद में कृष्णा नदी के तट पर स्थित अमरावती नामक स्तूप का निर्माण सातवाहन काल में किया गया था।

**47. निम्नलिखित ऐतिहासिक स्थलों पर विचार कीजिए -**

**1. अजंता की गुफाएं**

**2. लेपाक्षी मंदिर**

**3. सांची स्तूप**

**उपर्युक्त स्थलों में से कौन-सा/से भित्ति चित्रकला के लिए भी जाना जाता है/ जाने जाते हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) 1, 2 और 3 (d) कोई नहीं

**I.A.S. (Pre) 2013**

**उत्तर–(b)**

अजंता की गुफाओं एवं लेपाक्षी मंदिर में भित्ति चित्रकला के साक्ष्य एकदम स्पष्ट हैं, परंतु सांची स्तूप में भित्ति चित्रकला के साक्ष्य स्पष्ट नहीं हैं। स्तूप के चारों ओर लगे तोरण बुद्ध के जीवन की घटनाओं तथा जातक कथाओं के चित्रों से भरे हैं और नीचे से ऊपर तक अलंकृत हैं। चूंकि तोरण स्तूप के भाग के रूप में नहीं माने जा सकते हैं, अत: विकल्प (b) अभीष्ट उत्तर होगा।

**48. भारत की लोक चित्रकलाओं से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर को चुनिए–**

**कथन I :** पट्टचित्र चित्रकलाओं की विषय-वस्तु जगन्नाथ एवं वैष्णव संप्रदाय से प्रभावित हैं।

**कथन II :** मंजूषा चित्रकलाएं जूट एवं कागज के डिब्बों पर बनाई जाती हैं।

**कथन III :** पिथोरा चित्रकलाएं गुजरात एवं मध्य प्रदेश की कुछ जनजातियों द्वारा बनाई जाती हैं।

(a) केवल कथन I एवं II सही हैं।

(b) केवल कथन II एवं III सही हैं।

(c) केवल कथन I एवं III सही हैं।

(d) सभी चारों कथन सही हैं।

**Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2020**

**उत्तर–(*)**



Scanned with OKEN Scanner

पट्टचित्र ओडिशा की चित्रकारी कला है। इसका मुख्य विषय भगवान जगन्नाथ मंदिर, कृष्ण लीला, दशावतार आदि हैं। मंजूषा चित्रकला भागलपुर (अंग देश) बिहार की चित्रकला है। मंजूषा का अर्थ बाक्स होता है, यह बांस, जूट और पेपर (कागज) से सामान्यतः आठ स्तंभों से मंदिर आकार में निर्मित बाक्स पर गुलाबी, हरे और पीले रंगों से चित्रकारी की जाती हैं। पिथोरा चित्रकला मुख्यतः मध्य प्रदेश और गुजरात की भील और भिलाला जनजातियों द्वारा बनाई जाती है। इस प्रकार उपर्युक्त तीनों कथन सत्य हैं। लेकिन प्रश्नगत विकल्प (d) में सभी चारों कथन की बात है, जबकि प्रश्न में केवल तीन कथन ही दिए गए हैं।

**49. अजंता और महाबलीपुरम् के रूप में ज्ञात दो ऐतिहासिक स्थानों में कौन-सी बात/बातें समान है/हैं?**

**1. दोनों एक ही समयकाल में निर्मित हुए थे।**

**2. दोनों का एक ही धार्मिक संप्रदाय से संबंध है।**

**3. दोनों में शिलाकृत स्मारक हैं।**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 1 और 3

(d) उपर्युक्त कथनों में से कोई भी सही नहीं है।

**I.A.S. (Pre) 2016**

**उत्तर—(b)**

महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में अजंता की पहाड़ी स्थित है। इसका निर्माण ईसा पूर्व दूसरी शताब्दी से लेकर सातवीं शताब्दी ईस्वी तक हुआ। दूसरी शताब्दी तक यहां हीनयान मत का प्रभाव था, तत्पश्चात महायान मत का। बुद्ध एवं बोधिसत्वों की प्रतिमाओं में अजंता की गुफाएं बौद्ध धर्म द्वारा प्रेरित और उनकी करुणामय भावनाओं से भरी हुई शिल्पकला और चित्रकला से ओत-प्रोत हैं। अजंता में स्थित मूर्तियां एकाश्मक पत्थर पर निर्मित हैं। नरसिंह वर्मन प्रथम (630-668 ई.) के समय में (जिसकी उपाधि 'महामल्ल' थी) मामल्ल शैली का विकास हुआ। इसके अंतर्गत दो प्रकार के स्मारक बने-मंडप तथा एकाश्मक मंदिर, जिन्हें 'रथ' कहा गया। मामल्लपुरम् (महाबलीपुरम्) में इस शैली के सभी स्मारक स्थित हैं। ध्यातव्य है कि महाबलीपुरम् में रथ मंदिर (वैदिक परंपरा से संबंधित) एकाश्मक पत्थर से निर्मित हैं।

**50. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए—**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. हम्पी | 1. पुडुचेरी |
| B. नागार्जुनकोंडा | 2. कर्नाटक |
| C. शिशुपालगढ़ | 3. आंध्र प्रदेश |
| D. अरिकामेडु | 4. ओडिशा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**U.P.P.C.S. (Mains) 2014**

**उत्तर—(a)**

सही सुमेलन इस प्रकार है—

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| हम्पी | – | कर्नाटक |
| नागार्जुनकोंडा | – | आंध्र प्रदेश |
| शिशुपालगढ़ | – | ओडिशा |
| अरिकामेडु | – | पुडुचेरी |

**51. कोणार्क का सूर्य मंदिर किसने बनवाया था?**

(a) नरसिंह देव वर्मन
(b) राजेंद्र चोल
(c) अशोक
(d) कृष्णदेव राय

**U.P.P.C.S. (Pre) 1993**
**U.P.P.C.S. (Pre) 1995**
**R.A.S./R.T.S. (Pre) 1999**

**उत्तर—(a)**

पुरी स्थित कोणार्क का विशाल सूर्य मंदिर नरसिंह देव वर्मन प्रथम ने बनवाया था। यह मंदिर 13वीं शताब्दी का है तथा यह अपनी विशिष्ट शैली के लिए प्रसिद्ध है। कोणार्क के सूर्य मंदिर को 'काला पैगोडा' (Black Pagoda) भी कहा जाता है।

**52. निम्नलिखित में से किसे 'काला (श्याम) पैगोडा' के नाम से जाना जाता है?**

(a) शोर मंदिर
(b) खजुराहो का मंदिर
(c) कोणार्क का सूर्य मंदिर
(d) देवगढ़ का मंदिर

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2009**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**53. 'ब्लैक पगोडा' कहां है?**

(a) मदुरै
(b) कोणार्क
(c) खजुराहो
(d) इनमें से कोई नहीं

**Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2010**

**उत्तर—(b)**



Scanned with OKEN Scanner

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

54. **निम्नलिखित में से कौन-सा सूर्य मंदिर है?**

(a) लिंगराज मंदिर (b) राजरानी मंदिर
(c) कोणार्क मंदिर (d) जगन्नाथ मंदिर

**U.P.P.C.S. (Mains) 2006**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

55. **मोढेरा का सूर्य मंदिर किस राज्य में स्थित है?**

(a) बिहार (b) गुजरात
(c) ओडिशा (d) बंगाल

**Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2011**

**उत्तर—(b)**

मोढेरा का सूर्य मंदिर गुजरात में स्थित है। इसका निर्माण सोलंकी वंश के राजा भीमदेव प्रथम द्वारा कराया गया था।

56. **निम्नलिखित सूर्य मंदिरों में कौन-सा पाटन, गुजरात में स्थित है?**

(a) मोढेरा (b) दक्षिणार्क
(c) कोणार्क (d) मार्तण्ड

**R.A.S./R.T.S. (Pre) 1992**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

57. **लिंगराज मंदिर अवस्थित है—**

(a) भुवनेश्वर में (b) बीजापुर में
(c) कोलकाता में (d) वाराणसी में

**U.P.P.C.S. (Spl) (Mains) 2004**
**I.A.S. (Pre) 2001**

**उत्तर—(a)**

लिंगराज मंदिर ओडिशा (उड़ीसा) के भुवनेश्वर में स्थित है। इस मंदिर की शैली नागर है। यह नागर शैली का सर्वोत्तम मंदिर है। लिंगराज मंदिर का सबसे आकर्षक भाग इसका शिखर है, जिसकी ऊंचाई 180 फीट है।

58. **उड़ीसा में नष्ट होने से बचे निम्नांकित मंदिरों में सर्वाधिक बड़ा और सबसे ऊंचा मंदिर कौन है?**

(a) ब्रह्मेश्वर मंदिर (b) जगन्नाथ मंदिर
(c) लिंगराज मंदिर (d) राजारानी मंदिर

**U.P.P.S.C. (GIC) 2010**

**उत्तर—(c)**

ओडिशा (उड़ीसा) में नष्ट होने से बचे प्रश्नगत मंदिरों में सर्वाधिक बड़ा और सबसे ऊंचा मंदिर लिंगराज मंदिर है, जो कि 180 फीट ऊंचा है। लिंगराज मंदिर शुद्ध नागर शैली में बना है।

59. **जगन्नाथ मंदिर किस राज्य में है?**

(a) बंगाल (b) उड़ीसा
(c) केरल (d) उत्तर प्रदेश

**M.P. P.S.C. (Pre) 1995**

**उत्तर—(b)**

जगन्नाथ मंदिर ओडिशा (उड़ीसा) राज्य के पुरी जिले में स्थित है। इसी राज्य में प्रसिद्ध लिंगराज मंदिर (भुवनेश्वर) तथा कोणार्क में सूर्य मंदिर (पुरी) स्थित है। ये सभी मंदिर नागर शैली में बने हैं।

60. **भुवनेश्वर तथा पुरी के मंदिर किस शैली में निर्मित हैं?**

(a) नागर (b) द्रविड़
(c) बेसर (d) कोई नहीं

**U.P.P.C.S. (Pre) 1997**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

61. **जगन्नाथपुरी मंदिर के गर्भगृह में भगवान जगन्नाथ सुभद्रा एवं बलभद्र की मूर्तियां बनी हैं—**

(a) पत्थर की (b) धातु की
(c) लकड़ी की (d) कांच की

**Chhattisgarh P.C.S. (Pre), 2019**

**उत्तर—(c)**

जगन्नाथपुरी मंदिर के गर्भगृह में भगवान जगन्नाथ बलभद्र और सुभद्रा की मूर्तियां काष्ठ-निर्मित (लकड़ी की) हैं। ऐसी मान्यता है कि इन मूर्तियों का निर्माण स्वयं भगवान विष्णु द्वारा बढ़ई के रूप में किया गया था।

62. **अंकोरवाट का विष्णु मंदिर कहां स्थित है?**

(a) जावा (b) सुमात्रा
(c) कंबोडिया (d) चम्पा

**U.P.P.C.S. (Pre) 1992**
**U.P.P.C.S. (Pre) 1995**

**उत्तर—(c)**

अंकोरवाट मंदिर समूह का निर्माण कंपूचिया (वर्तमान कंबोडिया) के शासक सूर्यवर्मन II द्वारा 12वीं शताब्दी के प्रारंभ में अपनी राजधानी यशोधरापुर (वर्तमान-अंगकोर) में कराया गया था। विष्णु को समर्पित द्रविड़ शैली का यह मंदिर विश्व का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर समूह है।



Scanned with OKEN Scanner

63. अंकोरवाट मंदिर समूह किस देश में स्थित है?
(a) इंडोनेशिया (b) म्यांमार
(c) श्रीलंका (d) कंपूचिया
Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2011

उत्तर–(d)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

64. कौन-से वृहत मंदिर के प्रारंभिक अभिकल्पना तथा निर्माण सूर्यवर्मन II के राज्यकाल के दौरान हुए?
(a) श्री मरियम्मन मंदिर (b) अंकोरवाट
(c) बाटु केव्ज मंदिर (d) कामाख्या मंदिर
U.P.P.C.S. (Pre) 1993
I.A.S. (Pre) 2006

उत्तर–(b)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

65. बोरोबुदुर स्तूप कहां स्थित है?
(a) कंबोडिया (b) जावा
(c) सुमात्रा (d) बोर्नियो
U.P.P.C.S. (Mains) 2013

उत्तर–(b)

बोरोबुदुर का प्रख्यात स्तूप इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर स्थित है। यह यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त एक विश्व विरासत स्थल (World Heritage Site) है।

66. द्रविड़ शैली के मंदिरों में 'गोपुरम' से तात्पर्य है–
(a) गर्भ गृह से
(b) दीवारों पर की गई चित्रकारी से
(c) शिखर से
(d) तोरण के ऊपर बने अलंकृत एवं बहुमंजिला भवन से
U.P.P.C.S. (Pre) 1998

उत्तर–(d)

पाण्ड्यों के राज्यकाल में भी द्रविड़ शैली पनपती रही। पाण्ड्य काल में मंदिर छोटे होते थे, किंतु उनके प्रांगण के चारों ओर अनेक प्राचीर बनाए जाते थे। ये प्राचीर तो सामान्य होते थे, किंतु इनके प्रवेश द्वार, जिन्हें 'गोपुरम' कहा जाता था, भव्य एवं विशाल और प्रचुर मात्रा में शिल्पकारिता से अलंकृत होते थे। पाण्ड्यकालीन वास्तुकला की विशेषता मंदिर नहीं अपितु गोपुरम हैं।

67. चट्टानों को काटकर महाबलीपुरम् का मंदिर किसके द्वारा बनवाया गया?
(a) पल्लव (b) चोल
(c) चालुक्य (d) राष्ट्रकूट
U.P.P.C.S. (Pre) 1994

उत्तर–(a)

पल्लव कला की राजसिंह शैली, जिसका प्रारंभ नरसिंह वर्मन द्वितीय 'राजसिंह' ने किया था, के तीन मंदिर महाबलीपुरम् से प्राप्त होते हैं–शोर मंदिर (तटीय मंदिर), ऑलक्कानेश्वर मंदिर तथा मुकुंद नयनार मंदिर। शोर मंदिर इस शैली का प्रथम उदाहरण है।

68. महाबलीपुरम् में रथ मंदिरों का निर्माण कराया गया था–
(a) चोलों द्वारा (b) पल्लवों द्वारा
(c) चेदियों द्वारा (d) चालुक्यों द्वारा
U.P.P.C.S. (Mains) 2014

उत्तर–(b)

महाबलीपुरम् में रथ मंदिरों का निर्माण पल्लव शासकों द्वारा करवाया गया था। रथ मंदिर एकाश्म पत्थर से निर्मित हैं।

69. महाबलीपुरम् का सप्तरथ मंदिर बनवाया गया था–
(a) महेंद्र वर्मन द्वारा (b) नरसिंह वर्मन द्वारा
(c) परमेश्वर वर्मन द्वारा (d) नन्दि वर्मन द्वारा
U.P.P.C.S. (Mains) 2015

उत्तर–(b)

पल्लव शासक नरसिंह वर्मन प्रथम (630-668 ई.) के समय में मामल्ल शैली का विकास हुआ। इसके अंतर्गत दो प्रकार के स्मारक बने–मंडप तथा एकाश्मक मंदिर जिन्हें 'रथ' कहा गया है। मामल्लपुरम् (महाबलीपुरम्) में इस शैली के सभी स्मारक स्थित हैं। सप्तरथ मंदिर नरसिंह वर्मन प्रथम द्वारा बनवाया गया। इन रथों को 'सप्त पैगोडा' भी कहा जाता है।

70. महाबलीपुरम् के रथ मंदिरों का निर्माण किसने करवाया था?
(a) नरसिंह वर्मन I (b) समुद्रगुप्त
(c) हर्ष (d) पुलकेशिन II
Uttarakhand U.D.A./L.D.A. (Mains) 2007

उत्तर–(a)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

71. मामल्लपुरम् में रथ स्मारकों के निर्माण के लिए निम्नलिखित में से कौन उत्तरदायी थे?
(a) चोल (b) पल्लव
(c) पाण्ड्य (d) चालुक्य
U.P.P.C.S. (Mains) 2007

उत्तर–(b)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।


Scanned with OKEN Scanner

72. **निम्नलिखित में से कौन-सा रथ मंदिर सबसे छोटा है?**
(a) द्रौपदी रथ (b) भीम रथ
(c) अर्जुन रथ (d) धर्मराज रथ

**U.P.P.C.S. (Mains) 2011**

**उत्तर—(a)**

पल्लवकालीन मामल्ल शैली में बने रथों या एकाश्मक मंदिरों में द्रौपदी रथ सबसे छोटा है। इसमें किसी प्रकार का अलंकरण नहीं मिलता तथा यह सिंह एवं हाथी जैसे पशुओं के आधार पर टिका हुआ है। धर्मराज रथ मंदिर सबसे बड़ा है।

73. **निम्न मंदिरों को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनिए।**
**I. बृहदीश्वर मंदिर**
**II. गंगैकोण्डचोलपुरम् मंदिर**
**III. महाबलीपुरम् का तटीय मंदिर**
**IV. सप्त पैगोडा**
**कूट :**
(a) I, II, IV, III (b) II, I, III, IV
(c) III, II, I, IV (d) IV, III, I, II

**U.P.P.C.S. (Pre) 2018**

**उत्तर—(d)**

कालक्रम के अनुसार, मंदिरों का निर्माण - सप्त पैगोडा (मामल्ल शैली 640-674 ई.), महाबलीपुरम् का तटीय मंदिर (राजसिंह शैली 674-800 ई.), बृहदीश्वर मंदिर (राजराज प्रथम के समय) तथा गंगैकोण्डचोलपुरम् मंदिर (राजेंद्र प्रथम के समय) हुआ।

74. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए—**

| **सूची-I (स्थान)** | **सूची-II (स्मारक)** |
|---|---|
| **A. एलीफेंटा** | **1. स्तूप** |
| **B. श्रवणबेलगोला** | **2. मंदिर** |
| **C. खजुराहो** | **3. गुफा** |
| **D. सांची** | **4. मूर्ति** |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2001**

**उत्तर—(b)**

एलीफेंटा महाराष्ट्र में स्थित है। यहां से प्राचीन गुफाओं के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। श्रवणबेलगोला कर्नाटक में स्थित है। यहां गोमतेश्वर की प्रसिद्ध मूर्ति का निर्माण चामुंडराय ने कराया था। खजुराहो के मंदिर म.प्र. में हैं, ये चंदेल शासकों द्वारा निर्मित हैं। सांची स्तूप का निर्माण अशोक ने कराया था, यह म.प्र. में है।

75. **सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए—**

| **सूची-I (ऐतिहासिक स्थल)** | **सूची-II (राज्य)** |
|---|---|
| **A. भीमबेटका** | **1. असम** |
| **B. शोर टेम्पल** | **2. मध्य प्रदेश** |
| **C. हम्पी** | **3. तमिलनाडु** |
| **D. मानस** | **4. कर्नाटक** |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Spl) (Pre) 2010**

**उत्तर—(b)**

सही सुमेलन है—

| ऐतिहासिक स्थल | | राज्य |
|---|---|---|
| भीमबेटका | – | मध्य प्रदेश |
| शोर टेम्पल | – | तमिलनाडु |
| हम्पी | – | कर्नाटक |
| मानस | – | असम |

76. **निम्नांकित जोड़ों में किसका सुमेल है?**
(a) एलोरा की गुफाएं – शक
(b) मीनाक्षी मंदिर – पल्लव
(c) खजुराहो मंदिर – चंदेल
(d) महाबलीपुरम् के मंदिर – राष्ट्रकूट

**I.A.S. (Pre) 2006**
**U.P.P.C.S. (Pre) 1994**
**U.P.P.C.S. (Pre) 1996**
**U.P.P.C.S. (Pre) 2010**
**U. P. Lower Sub. (Pre) 2008**

**उत्तर—(c)**



Scanned with OKEN Scanner

एलोरा आधुनिक महाराष्ट्र के औरंगाबाद में स्थित है। यह शैलकृत गुफा मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। ये गुफाएं विभिन्न कालों में बनी हैं, किंतु शकों से इनका कोई संबंध नहीं है। मीनाक्षी मंदिर पाण्ड्यों द्वारा तथा महाबलीपुरम् के मंदिर पल्लव शासकों द्वारा निर्मित किए गए हैं। खजुराहो मंदिरों की स्थापना चंदेलों ने की थी। अतः प्रश्नगत विकल्पों में केवल विकल्प (c) का युग्म सुमेलित है।

**77. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. बैजनाथ धाम | 1. जैन मंदिर |
| B. सारनाथ | 2. शिव मंदिर |
| C. दिलवाड़ा | 3. बुद्ध का शांति का प्रथम प्रवचन स्थल |
| D. बद्रीनाथ | 4. विष्णु मंदिर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**U.P.P.C.S. (Pre) (Spl) 2004**

**उत्तर–(a)**

सारनाथ (वाराणसी) में महात्मा बुद्ध ने सर्वप्रथम पांच शिष्यों को उपदेश दिया था, इस घटना को बौद्ध साहित्य में 'धर्मचक्रप्रवर्तन' कहा जाता है। आबू (राजस्थान) के दिलवाड़ा के जैन मंदिर अपनी नक्काशी एवं सुंदर मीनाकारी के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं। बद्रिकाश्रम (बद्रीनाथ) में शंकराचार्य ने चतुर्भुजी विष्णु प्रतिमा की स्थापना करके ज्योतिर्मठ की स्थापना की थी। बैजनाथ धाम में भगवान शंकर का मंदिर है।

**78. सुमेलित कीजिए :**

| | |
|---|---|
| A. सूर्य मंदिर | 1. कर्नाटक |
| B. लिंगराज मंदिर | 2. कोणार्क |
| C. हवामहल | 3. जयपुर |
| D. गोमतेश्वर की प्रतिमा | 4. भुवनेश्वर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**U.P. P.C.S (Pre) 1992**

**उत्तर–(a)**

सूर्य मंदिर-कोणार्क में, लिंगराज मंदिर-भुवनेश्वर में, हवामहल-जयपुर में तथा गोमतेश्वर की प्रतिमा-श्रवणबेलगोला (कर्नाटक) में स्थित है।

**79. निम्नलिखित में से कौन-सा/से सूर्य मंदिरों के लिए विख्यात है/हैं?**

1. अरसवल्ली
2. अमरकंटक
3. ऑंकारेश्वर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**I.A.S. (Pre) 2017**

**उत्तर–(a)**

अरसवल्ली मंदिर भारत के आंध्र प्रदेश के अरसवल्ली गांव में स्थित 7वीं शताब्दी का एक प्रमुख सूर्य मंदिर है। यह माना जाता है कि यह मंदिर कलिंग राजवंश के शासक देवेंद्र वर्मा द्वारा बनवाया गया था। ऑंकारेश्वर मंदिर मध्य प्रदेश के खंडवा जनपद में स्थित है। यह भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। अमरकंटक नर्मदा, सोन और जोहिला नदी का उद्‌गम स्थान है। यह हिंदुओं का पवित्र तीर्थ स्थल है। श्री ज्वालेश्वर महादेव मंदिर अमरकंटक से लगभग 8 किलोमीटर दूर शहडोल रोड पर स्थित है। यह खूबसूरत मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।

**80. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. नालंदा | 1. अशोक स्तंभ |
| B. सारनाथ | 2. विश्वविद्यालय |
| C. सांची | 3. सूर्य मंदिर |
| D. कोणार्क | 4. स्तूप |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**Uttarkhand P.C.S.(Mains) 2006**

**उत्तर–(b)**

सही सुमेलन इस प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| नालंदा | - | विश्वविद्यालय |
| सारनाथ | - | अशोक स्तंभ |
| सांची | - | स्तूप |
| कोणार्क | - | सूर्य मंदिर |

अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।



Scanned with OKEN Scanner

81. प्राचीन नगर तक्षशिला निम्नलिखित में से किनके बीच स्थित था?

(a) सिंधु तथा झेलम

(b) झेलम तथा चेनाब

(c) चेनाब तथा रावी

(d) रावी तथा ब्यास

U.P.P.C.S. (Pre) 1996

Uttarkhand P.C.S.(Mains) 2006

उत्तर—(a)

तक्षशिला सिंधु एवं झेलम नदियों के मध्य का क्षेत्र है। तक्षशिला की इतिहास में प्रसिद्धि का कारण उसका ख्याति प्राप्त शिक्षा केंद्र होना था।

82. सोनगिरि, जहां 103 जैन मंदिर बने हुए हैं, किसके सन्निकट स्थित है?

(a) दतिया (b) झांसी

(c) ओरछा (d) ललितपुर

U.P.P.C.S. (Pre) 2005

उत्तर—(a)

सोनगिरि दतिया (मध्य प्रदेश) से 15 किमी. दूरी पर स्थित है। यह दिगंबर जैनियों का पवित्र स्थान है। सोनगिरि के चारों ओर सफेद जैन मंदिर स्थापित हैं। वर्तमान में यहां 77 जैन मंदिर पहाड़ी पर और 26 गांव में स्थित हैं। इस प्रकार, इनकी कुल संख्या 103 है। पहाड़ी पर स्थित 57वां मंदिर मुख्य मंदिर है, जो भगवान चंद्रप्रभु से संबंधित है।

83. सोनगिरि का ऐतिहासिक दिगंबर जैन तीर्थस्थल स्थित है—

(a) उत्तर प्रदेश में (b) राजस्थान में

(c) मध्य प्रदेश में (d) उड़ीसा में

U.P. P.C.S. (Pre) 1996

उत्तर—(c)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

84. दिलवाड़ा जैन मंदिर स्थित है—

(a) पालीताना में (b) माउंट आबू में

(c) सोनगिरि में (d) गिरनार में

U.P.P.S.C. (GIC) 2010

उत्तर—(b)

दिलवाड़ा के जैन मंदिर माउंट आबू (सिरोही, राजस्थान) में स्थित हैं। इनमें सबसे प्रसिद्ध विमल वासाही मंदिर है। चालुक्य शासक भीमदेव प्रथम के सामंत विमलशाह ने इसे बनवाया था।

85. दिलवाड़ा जैन मंदिर है—

(a) माउंट आबू में अरावली पर्वत पर

(b) सिंधु के किनारे

(c) खजुराहो में

(d) नीलगिरि पहाड़ियों पर

M.P. P.C.S. (Pre) 1991

उत्तर—(a)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

86. दिलवाड़ा जैन मंदिर कहां स्थित है?

(a) असम (b) उत्तर प्रदेश

(c) राजस्थान (d) मध्य प्रदेश

U.P. P.C.S. (Pre) 1991

उत्तर—(c)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

87. प्रसिद्ध विरूपाक्ष मंदिर कहां अवस्थित है?

(a) भद्राचलम (b) चिदंबरम

(c) हम्पी (d) श्रीकालहस्ति

I.A.S. (Pre) 2009

उत्तर—(c)

विरूपाक्ष मंदिर कर्नाटक राज्य के हम्पी (Hampi) में स्थित है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है, जो यहां विरूपाक्ष के नाम से जाने जाते हैं।

88. नागर, द्रविड़ और बेसर हैं—

(a) भारतीय उपमहाद्वीप के तीन मुख्य जातीय समूह

(b) तीन मुख्य भाषा वर्ग, जिनमें भारत की भाषाओं को विभक्त किया जा सकता है

(c) भारतीय मंदिर वास्तु की तीन मुख्य शैलियां

(d) भारत में प्रचलित तीन मुख्य संगीत घराने

I.A.S. (Pre) 1995

I.A.S. (Pre) 2012

उत्तर—(c)

नागर, द्रविड़ तथा बेसर भारतीय मंदिर वास्तु की तीन मुख्य शैलियां हैं। नागर शैली मुख्यतः उत्तरी भारत में प्रचलित है। ओडिशा के मंदिर शुद्ध रूप से इसी शैली के हैं। द्रविड़ शैली का प्रसार दक्षिण भारत विशेषकर कृष्णा नदी एवं कुमारी अंतरीप के मध्य (तमिलनाडु) में था। बेसर शैली का विकास, नागर एवं द्रविड़ शैलियों के मिश्रण से हुआ। कन्नड़ प्रदेश के अंतिम चालुक्य शासकों के द्वारा प्रयुक्त होने के कारण इस शैली को चालुक्य शैली भी कहते हैं।

89. भारत के सांस्कृतिक इतिहास के संदर्भ में 'पंचायतन' शब्द किसे निर्दिष्ट करता है?

(a) ग्राम के ज्येष्ठ-जनों की सभा

(b) धार्मिक संप्रदाय



Scanned with OKEN Scanner

(c) मंदिर रचना-शैली

(d) प्रशासनिक अधिकारी

**I.A.S. (Pre) 2014**

**उत्तर–(c)**

डॉ. बद्रीनाथ कपूर द्वारा रचित **'बृहत प्रामाणिक हिंदी कोश'** के (मूल संपादक-आचार्य रामचंद्र वर्मा) अनुसार, पंचायतन एक पुल्लिंग शब्द है, जो किसी देवता और उसके साथ के चार देवताओं की मूर्तियों के समूह के लिए प्रयुक्त होता है, जैसे शिव-पंचायतन, राम-पंचायतन। बद्रीनाथ मंदिर में पांच मूर्तियां हैं, जो **बद्री पंचायतन** के नाम से प्रसिद्ध हैं। राजस्थान के उदयपुर में स्थित **जगदीश मंदिर** शिल्पकला की दृष्टि से अनोखा है। यह मंदिर 'पंचायतन' शैली का है। चार लघु मंदिरों से परिवृत्त होने के कारण इसे पंचायतन कहा गया है। स्पष्ट है कि पंचायतन शब्द मंदिर रचना-शैली को निर्दिष्ट करता है।

**90. प्रसिद्ध नैमिषारण्य तीर्थ निम्न जनपदों में से किस एक में उपस्थित है?**

(a) उज्जैन (b) मथुरा

(c) सीतापुर (d) जबलपुर

**U.P.P.C.S. (Pre) 2002**

**उत्तर–(c)**

प्रसिद्ध नैमिषारण्य तीर्थ उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में स्थित है। यहां महर्षि दधीचि ने देवताओं को अपनी अस्थियां दान दी थीं, जिससे निर्मित वज्र द्वारा देवराज इंद्र ने दैत्यों का वध किया था।

**91. भारत की कला व संस्कृति के इतिहास के संबंध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए -**

| | (विख्यात मूर्तिशिल्प) | (स्थल) |
|---|---|---|
| 1. | बुद्ध के महापरिनिर्वाण की एक भव्य प्रतिमा जिसमें ऊपर की ओर अनेक दैवी संगीतज्ञ तथा नीचे की ओर उनके दुःखी अनुयायी दर्शाए गए हैं | : अजंता |
| 2. | प्रस्तर पर उत्कीर्ण विष्णु के वाराह अवतार की विशाल प्रतिमा, जिसमें वह देवी पृथ्वी को गहरे विक्षुब्ध सागर से उबारते दर्शाए गए हैं | : माउंट आबू |
| 3. | विशाल गोलाश्मों पर उत्कीर्ण ''अर्जुन की तपस्या''/''गंगा-अवतरण'' | : मामल्लपुरम् |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**I.A.S. (Pre) 2014**

**उत्तर–(c)**

अजंता की गुफा संख्या 26 में बुद्ध के महापरिनिर्वाण की भव्य प्रतिमा स्थित है, जिसमें नीचे की ओर उनके दुःखी अनुयायी तथा ऊपर की ओर स्वर्ग में दैवीय आकृतियां प्रसन्न मुद्रा में दिखाई गई हैं। मध्य प्रदेश में स्थित उदयगिरि की गुफाओं में ऐसी प्रतिमा स्थापित है, जिसमें वाराह अवतार को भू-देवी को गहरे विक्षुब्ध सागर से उबारते हुए दर्शाया गया है। विशाल गोलाश्मों पर उत्कीर्ण अर्जुन की तपस्या/गंगा-अवतरण को प्रदर्शित करती हुई प्रतिमा मामल्लपुरम् में स्थित है। अतः केवल युग्म 1 और 3 सही सुमेलित हैं।

**92. भारत के कला और पुरातात्विक इतिहास के संदर्भ में, निम्नलिखित में से किस एक का सबसे पहले निर्माण किया गया था?**

(a) भुवनेश्वर स्थित लिंगराज मंदिर

(b) धौली स्थित शैलकृत हाथी

(c) महाबलीपुरम् स्थित शैलकृत स्मारक

(d) उदयगिरि स्थित वाराह मूर्ति

**I.A.S. (Pre) 2015**

**उत्तर–(b)**

भुवनेश्वर स्थित लिंगराज मंदिर नागर शैली में बना है। लिंगराज मंदिर, भुवनेश्वर का मुख्य मंदिर सातवीं शताब्दी में ललाटेंदुकेशरी ने बनवाया था, जबकि इसके वर्तमान स्वरूप का निर्माण जजाति केशरी ने 11वीं शताब्दी में करवाया था। धौली स्थित शैलकृत हाथी का निर्माण तीसरी शताब्दी ईसा. पूर्व मौर्य सम्राट अशोक के समय में हुआ। महाबलीपुरम् स्थित शैलकृत स्मारक का निर्माण पल्लवों के शासनकाल में सातवीं शताब्दी में हुआ है, जबकि उदयगिरि स्थित वाराह मूर्ति का निर्माण गुप्त काल में हुआ है। अतः स्पष्ट है कि दिए गए विकल्प में सबसे पहले धौली स्थित शैलकृत हाथी का निर्माण हुआ है।

# दक्षिण भारत (चोल, चालुक्य, पल्लव एवं संगम युग)

## नोट्स

*संगम कालीन साहित्य में **'कोन'**, **'को'** एवं **'मन्नन'** शब्द **राजा के लिए** प्रयुक्त होते थे। *संगम या संघम प्राचीन तमिल शब्द है, जिसे सामान्यतया 'गोष्ठी परिषद' के अर्थ में प्रयुक्त किया गया है। इस रूप में संगम तमिल कवियों एवं विद्वानों की परिषदें' थीं। *इन संगमों में कवियों द्वारा रचा गया साहित्य **'संगम साहित्य'** कहलाता है। *संगम साहित्य, तमिल साहित्य का सबसे प्राचीन उपलब्ध अंश है। *संगम युग में दक्षिण भारत में **पाण्ड्य**



Scanned with OKEN Scanner